है तथा एक विज्ञापन के संदर्भ में अनेक आवेदन आते हैं इसलिए इस जानकारी के परिकलन में लगने वाले प्रयास पूछे गए उद्देश्य के अनुरूप नहीं होंगे।

(ग) तेल चयन बोर्डों में प्रत्येक का अध्यक्ष उच्च न्यायालय का सेवा निवृत्त न्यायाधीश होता है उनके द्वारा वितरकों का चयन उम्मीदवारों की उपयुक्तता तथा तुलनात्मक गुण-दोषों के आधार पर किया जाता है। सामान्यतः चयन बोर्ड द्वारा गुण-दोष के आधार पर 3 उम्मीदवारो का पैनल बनाया जाता है ·

एल पी जी सिलेण्डरों के वितरण और भरे जाने से संबंधित दिशा निर्देश

124. **श्री रशीद मसूद :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एल पी जी सिलेण्डरों के वितरण तथा भरे जाने से संबंधित जो दिशा निर्देश महानगरों में नियुक्त गैस वितरण एजेंसियों को लागू होते हैं वही छोटे शहरों तथा नगरों में गैस वितरण एजेंसियों पर भी लागू होते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के छोटे शहरों जैसे सहारनपुर जिला में, गैस वितरक दिशानिर्देशों को पूरी तरह से पालन नहीं कर रहे हैं तथा वे उपभोक्ताओं को एल पी जी सिलेण्डरों की सप्लाई करने में एक महीना लगाते हैं; और

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार को इस संबंध में असंख्य शिकायतें मिली हैं और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) जी, हां।

(ख) एल पी जी की बल्क उपलब्धता में कमी आने के अतिरिक्त आवागमन, औद्योगिक संबंधों तथा अन्य परिचालन संबंधी समस्याओं के कारण सहारनपुर सहित देश के अनेक भागों में अस्थायी रूप से एल पी जी रिफिलों की सप्लाई में बैकलाग उत्पन्न हो गया था। देश में एल पी जी के उत्पादन को अधिकतम करने के प्रयास किए जा रहे हैं तथा यथा सम्भव आयात के द्वारा भी सप्लाई को भी बढ़ाया जा रहा है। स्थिति पर तेल उद्योग द्वारा सूक्ष्म नजर रखी जा रही हैं ताकि उपभोक्ताओं को नियमित रूप से एल पी जी सप्लाई सुनिश्चित की जा सके।

(ग) एल पी जी के वितरकों के बारे में तेल कम्पनियों को प्राप्त शिकायतों की यथावश्यक तत्काल जांच की जाती है और विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों के अनुसार दोषी एल पी जी वितरकों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाती है जो चेतावनी पत्र जारी करने से लेकर कुछ मामलों में वितरण शिप को समाप्त कर देने तक की हो सकती है।

Project matching the Bombay High Seas Project

125. SHRI SURENDRA SINGH THAKUR: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government has undertaken any major project matching the "Bombay High Seas Project"; and

(b) if the reply to part (a) above be in the affirmative what are the potentials of such projects and success achieved by Government in these projects?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAFIQUE ALAM): (a) and (b) No project of the size of Bombay High Development has been taken up so far.